प्रेस नोटः-दिनॉक-07-07-2024 **थाना मुजरिया**

एस0ओ0जी0 व थाना मुजरिया पुलिस की संयुक्त कार्यवाही से बदायूँ पुलिस को मिली महत्वपूर्ण सफलता।अन्तर्रजनपदीय जनसेवा केन्द्र पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश।

दिनांक 30.06.2024 को थाना मुजरिया क्षेत्र के ग्राम कोल्हाई मे बैक आफ बडौदा के अन्तर्रजनपदीय जनसेवा/ग्राहक सेवा केन्द्र से हुयी दो लाख की चोरी करने वाले 02 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ श्री डॉ0 बृजेश कुमार सिंह जनपद बदायूं के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री राम मोहन सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सहसवान श्री कर्मवीर सिंह के पर्यवेक्षण में एसओजी टीम व थाना मुजरिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 64/2024 धारा 380 भादवि से संबंधित 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण

थाना मुजरिया क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कोल्हाई मे दिनांक 30.06.2024 को वादी विपिन कुमार पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर कलां थाना जरीफनगर जनपद बदायूँ के बैंक आंफ वडौदा के बीसी प्वाइन्ट ग्राम कोल्हाई पर दुकान के अन्दर लगे काउन्टर से गाडी नं0- UP32KF9385 से आये अज्ञात चोर द्वारा 2 लाख रुपये चोरी कर ले जाना के सम्बन्ध मे थाना मुजरिया पर मु0अ0सं0 64/2024 धारा 380 भा.द.वि. बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

उक्त अभियोग के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सहसवान के नेतृत्व मे एसओजी प्राभारी / थानाध्यक्ष मुजरिया के अधीन टीमो का गठन किया गया उक्त टीमो द्वारा गहन सुरागरसी पतारसी कर दिनांक 07.07.2024 को नगंला भिण्ड तिराहे पर बने यात्री शैड से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त गण 1.गौरव उर्फ उत्तम 2.आशू पुत्र देवराज सिंह को गिरफ्तार किया अभियुक्त गण को मा0 न्या0 के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारी का स्थान दिनाँक व समय

बिल्सी कछला रोड पर ग्राम नगंला भिण्ड को जाने वाले तिराहे पर बने यात्री शैड थाना मुजरिया जनपद बदायूँ दि0 07.07.2024 समय 06.25 बजे

बरामदगी का विवरण –

1-एक बैग मे 44000 रूपये

2-फर्जी नम्बर प्लेट UP32KF9385 लगी डिजायर गाडी

3-दो नम्बर प्लेट UP86AE1812 (असली नम्बर प्लेट) बरामद की गयी ।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण-

1. गौरव उर्फ उत्तम पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम भगवान गढ़ी थाना क्वारसी जनपद अलीगढ़ ।

1- मु0 अ0 सं0129/2024 धारा 380/411/420 भा.द.वि. थाना मुजरिया जनपद बदायूँ ।

2- मु0अ0सं0 46/24 धारा 379/420/34/411/468 भादवि थाना बकबेर जनपद इटावा।

3- मु0अ0सं0 336/22 धारा 392/411 भादवि थाना गभाना अलीगढ़ ।

4- मु0अ0सं0 405/22 धारा 120बी/40/411/420 भादवि थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर।

5- मु0अ0सं0 30/23 धारा 411/419/420 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना डिबाई जनपद बुन्दशहर ।

6- मु0अ0सं0 83/24 धारा 3(1) गैगस्टर एक्ट थाना बकबेर जनपद इटावा।

2. आशू पुत्र देवराज सिंह निवासी फायर ब्रिगेड कालोनी थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ़

1- मु0अ0सं0 129/2024 धारा 380/411/420 भा.द.वि. थाना मुजरिया जनपद बदायूँ।

बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम-
एसओजी/सर्विलांस टीम-
निर0 श्री नीरज कुमार प्रभारी सर्विलांस/एसओजी टीम, उ0नि0 श्री धर्वेन्द्र सिंह प्रभारी एसओजी बदायूँ।
हे0का0 संजय कुमार सिंह, हे0का0 सचिन कुमार झा, हे0का0 विपिन कुमार, हे0का0 शराफत हुसैन, हे0का0 मुकेश कुमार, हे0का0 सचिन कुमार, का0 अरविन्द कसाना, का0 आजाद, का0 कुशकांत, का0 मनीष कुमार।

थानाध्यक्ष आरती कौशिक थाना मुजरिया।
उ0नि0 राममहेश
उ0नि0 अर्जुन सिंह
हे0का0 94 अरविन्द कुमार
हे0का0 427 शिवराज सिंह
का0 2162 गोविन्द सिंह
का0 1362 शोभित कुमार

सोशल मीडिया सेल,
बदायूँ